दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### निर्वाचन कार्य में लापरवाही : डाटा एन्ट्री आपरेटर कुंजबिहारी गहरे निलंबित

**रायगढ़।** कलेक्टर के अनुमोदन पश्चात अपर कलेक्टर रायगढ़ द्वारा कार्यालय निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सारंगढ़ में पदस्थ डाटा एन्ट्री ऑपरेटर कुंजबिहारी गहरे को निर्वाचन कार्य के प्रति उदासीनता, लापरवाही तथा कार्य में रूचि नहीं लेने के कारण एवं उच्चाधिकारियों के आदेश की अवहेलना के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में गहरे को मुख्यालय कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)सह निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, खरसिया में अटैच किया गया है।

### दुष्कर्म के आरोपी ने अपने घर में फांसी लगाकर की खुदकुशी

**रायगढ़ (आरएनएस)।** बालिका से रेप के आरोपी युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। घटना स्थल से कोई सुसाईड नोट बरामद नहीं हुआ। पुलिस जांच में जुटी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जूटमिल क्षेत्र के कयाघाट मोहल्ले में 27 नवंबर की दोपहर उस वक्त सनसनी फैल गई, जब लोगों को पता चला कि बाबाकुटी के पास रहने वाले सुनील सोनी 23 वर्ष ने अपने कमरे को बंद कर फांसी लगा ली। जिसकी सुचना पुलिस को दी गई। सोनी परिवार ने बताया कि सुनील सुबह से अपने कमरे के दरवाजे को अंदर से बन्दकर रखा है। आरक्षक प्रकाश गिरी गोस्वामी और कीर्तन यादव ने उसे धक्का भी दिया, लेकिन जब नहीं खुला तो आरक्षकों को उसे तोड़कर भीतर जाना पड़ा। कमरे का बंद दरवाजा खुलते ही देखा- सीलिंग पंखे के हुक में बंधे स्कॉर्फ के फंद्दे में सुनील की लाश जो लटक रही थी। पुलिस ने आसपास के लोगों की मदद से शव को नीचे उतारते हुए पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के लिए उसे जिला चिकित्सालय भेज दिया।

### कक्ष क्रमांक 19 में स्थापित नियंत्रण कक्ष के दूरभाष क्रमांक एवं कर्मचारियों की लगी ड्यूटी में आंशिक संशोधन

**रायगढ़।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2021 हेतु जिला निर्वाचन कार्यालय (स्थानीय निर्वाचन) रायगढ़ के कक्ष क्रमांक 19 में स्थापित नियंत्रण कक्ष (दूरभाष क्रमांक 07762-222750)के संपादन हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, प्रकाशन हुआ था। ज्ञात हो कि उक्त कक्ष क्रमांक का (दूरभाष क्रमांक 07762-223750) है। साथ ही कर्मचारियों की लगी ड्यूटी में भी संशोधन किया गया है। जिसमें 27 नवम्बर से 23 दिसम्बर 2021 तक प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक अनुविभागीय कृषि अधिकारी रायगढ़ के सहायक ग्रेड-3 आकाश छवि व उप संचालक कृषि रायगढ़ के सहायक ग्रेड-3 विनय कुमार पुजारी, दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक के लिए वन विभाग रायगढ़ के सहायक ग्रेड-3 जगजीवन दास महंत एवं मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सचिवीय सहायक भुनेश्वर मालाकार तथा रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक के लिए शा.उ.मा.वि.कोड़ातराई रायगढ़ के सहायक ग्रेड-3 योगेश शर्मा एवं सामु.स्वा.केन्द्र लोईंग कार्यालय के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायगढ़ के सहायक ग्रेड-3 महेश दिलदार की ड्यूटी लगाई गई है।

# हर किसान उत्पादक संगठन को जोड़े अलग गतिविधि से-कलेक्टर

**» किसान उत्पादक संगठन क्लस्टर निर्माण के संबंध में हुई बैठक**



**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में नाबार्ड के (एफपीओ/फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन) किसान उत्पादक संगठन योजना के जिला प्रबंधन समिति की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर सिंह ने एफपीओ निर्माण एवं कार्यो की प्रगति की समीक्षा की। नाबार्ड के अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में 05 नए एफपीओ का निर्माण किया जा रहा है। जिस पर कलेक्टर सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा एफपीओ स्पोर्ट के लिए आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। इस योजना के अंतर्गत नये लोगों को जोड़ने के साथ ही अन्य समूह जिसे अनुभव है ऐसे लोगों को भी जोड़ा जाए। इसके साथ ही कलेक्टर सिंह ने कहा कि कृषि, उद्यानिकी, फिशरीज तथा पशुपालन आदि विभागों को भी एफपीओ क्लस्टर निर्माण की दिशा में कार्य करें। जिससे अधिक से अधिक किसानों एवं उत्पादकों को लाभ मिलें।

बैठक में नाबार्ड के जिला प्रतिनिधि ने इस योजना के बारे में बताया कि योजना का मुख्य उद्धेश्य किसान, उत्पादक संगठनों को आय मूलक गतिविधियां उपलब्ध कराना। जिसके तहत संगठित एवं कम खर्चो के माध्यम से अधिक उत्पादन की प्राप्ति करना होगा। जिसके लिए सरकार द्वारा प्रमोशनल ग्रांट एसिस्टेंट, मैंचिग इक्विटी ग्रांट तथा क्रेडिट गारंटी जैसे विभिन्न मदों से एफपीओ को 3 से 5 साल तक आर्थिक सहायता प्रदान करेगी। जिसके माध्यम से उत्पादन में बढ़ोतरी, उसमें वैल्यू एडिशन, टेक्नोलॉजी का बेहतर उपयोग, पूंजी की सुलभता और उत्पादों के लिए मार्केटिंग सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा। इसका लाभ यह होगा कि उत्पादक संगठन ये सारे काम उसकी बारीकी सीखने के साथ ही उसे सरकारी सहायता के बिना भी आगे जारी रखने के लिए सक्षम बन सकेंगे। एक एसपीओ क्लस्टर में कम से कम 300 को जोड़ा जाना है। जो एक क्षेत्र विशेष में समान उत्पाद वाले कृषकों का समूह होगा।

रायगढ़ जिले में योजना के तहत प्रत्येक विकासखंड में एफपीओ बनाए जाएंगे। जिसके लिए विभागीय अधिकारियों को व्यापक स्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक कलस्टर में अलग-अलग गतिविधियां संचालित हो यह सुनिश्चित किया जाए। बैठक में कृषि तथा संबंधित विभागों से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे।

# कलेक्टर भीम सिंह ने ली समिति प्रबंधकों की बैठक

**» धान खरीदी के तैयारियों की हुई समीक्षा, दिए महत्वपूर्ण निर्देश**

**रायगढ़।** 01 दिसम्बर से शुरू होने वाले धान खरीदी के संबंध में कलेक्टर भीम सिंह ने आज कलेक्ट्रेट के सृजन सभाकक्ष में समिति प्रबंधकों की बैठक ली। कलेक्टर सिंह ने कहा कि समितियों में धान खरीदी से जुड़ी सारी तैयारी अंतिम रूप से पूर्ण कर ली जाए एवं धान की खरीदी की गुणवत्ता में विशेष ध्यान रखें। धान की तौलाई भी सही तरीके से की जाए। धान की तौलाई, भराई एवं उठाव के लिए सभी केन्द्रों में हमाल पर्याप्त संख्या में मौजूद हो। बारदानें की उपलब्धता की भी नियमित मॉनिटरिंग करें। स्टॉक कम होने पर तत्काल सूचना दें। उन्होंने बताया कि मिलर्स द्वारा भी बारदाने उपलब्ध कराये जायेंगे। उन्होंने कहा कि धान खरीदी का पूरा काय व्यवस्थित तरीके से किया जाना है।

उन्होंने कहा कि धान खरीदी केन्द्र में कम्प्यूटर तथा इंटरनेट की बढ़िया सुविधा हो। कांटा-बाट का सत्यापन के साथ ही माईश्चर मीटर की व्यवस्था हो। खरीदी केन्द्र में बारदाने की व्यवस्था के साथ डनेज, सुरक्षा के लिये फेसिंग तथा लाईट की पर्याप्त व्यवस्था हो। धान बेचने आने वाले किसानों के लिये पर्याप्त बैठक व्यवस्था के साथ पीने के पानी और शौचालय की भी अच्छी व्यवस्था होनी चाहिये। इसके साथ ही अन्य सभी व्यवस्थाएं भी पूरी कर ली जाए। इस दौरान जिला खाद्य अधिकारी जी.पी.राठिया, उप पंजीयक सहकारिता सुरेन्द्र गोड़, सहायक खाद्य अधिकारी चितरंजन सिंह, मार्कफेड, खाद्य एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी-कर्मचारी व समिति प्रबंधक उपस्थित रहे।

## ठंड से बचने अर्द्धविक्षिप्त महिला को दिये कम्बल और गर्म कपड़े



**रायगढ़।** मानव सेवा से बढ़कर न को कोई धर्म है और न ही कोई सेवा। पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा द्वारा जिले के हर थानाक्षेत्र अन्तर्गत बीट प्रणाली दुरूस्त कर बीट कर्मचारियों को उनके बीट में असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर निगाह रखने, रहवासिसों को अपराधों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं साथ ही उनके द्वारा पुलिस की छवि लोगों के बीच सुरक्षा देने के साथ सहयोगात्मक हो इस बावत् उनके द्वारा पुलिसकर्मियों प्रेरित किया जाता है। अपने वरिष्ठ अधिकारियों से प्रेरित होकर थाना छाल के प्रधान आरक्षक दादू सिंह सिदार, आरक्षक हरेन्द्रपाल जगत एवं किशनो उरांव द्वारा उनके बीट में फटे, पुराने कपड़े पहनेकर घुमने वाली अर्द्धविक्षिप्त महिला को ठंड से से कंबल और गर्म कपड़े दिया गया है। महिला खरसिया के मौहापाली गांव की रहने वाली है, छाल बाजार, दुकान पास घूमते रहती है। पूर्व में पुलिसकर्मी उसे उसके घर पहुंचाकर आये थे , उसके बाद भी महिला छाल में आकर रहती है। पुलिसकर्मी उसे पहले भी भोजन, कपड़ो आदि की मदद किये हैं, बढ़ते ठंड को देखते हुए पुलिसकर्मियों द्वारा महिला को गर्म कपड़ो के साथ, कम्बल प्रदान किया गया है। थाना प्रभारी छाल उप निरीक्षक प्रवीण मिंज द्वारा कर्मचारियों की सराहना करते हुए शीघ्र ही थाना क्षेत्र के ऐसे और असहाय लोगों में कंबल व गर्म कपड़े वितरण करना बताया गया है।

## पुलिसकर्मी लगा रहे चौपाल, रहवसियों को किया जा रहा अपराधों के प्रति जागरूक




**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर बीट प्रधान आरक्षक एवं आरक्षकों द्वारा अपने-अपने बीट में चौपाल लगाकर रहवासियों को अपराधों के प्रति सचेत करने का कार्य किया जा रहा है। आज दिनांक 29/11/2021 खरसिया पुलिस द्वारा ग्राम आडपथरा, छाल पुलिस द्वारा प्राथमिक शाला छाल, जोबी पुलिस द्वारा ग्राम नागोई तथा थाना कापू द्वारा जानिकमौहा में जन चौपाल लगाया गया था।

थाना कापू क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जानिकमौहा में प्रधान आरक्षक रामलाल सिदार, आरक्षक शंकर साय पैंकरा द्वारा जन चौपाल में कोटवार, ग्रामवासियों की उपस्थिति में लोगों को अपराध से संबंधित जानकारियां जैसे नशाखोरी, घरेलू हिंसा, साइबर क्राइम, ऑनलाइन ठगी, बाहरी व्यक्ति फेरीवाले से सावधान रहने, गुड टच एवं बैड टच, महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अपराध के बारे में जानकारियां व बचने के उपाय बताए गए तथा यातायात नियमों का पालन करने हिदायत दिया गया।

थाना छाल के आरक्षक गोविंद बनर्जी और आरक्षक सूरज साहू द्वारा प्राथमिक शाला छाल के कक्षा पहली से पांचवी तक के बच्चों को गुड टच बैड टच समझाया गया, उन्हें यातायात के नियम और सड़क पर चलते समय सावधानी बरतने, मोबाइल गेम से होने वाले नुकसान के संबंध में जानकारी दिया गया तथा बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल खेलने के संबंध में भी जानकारी दी गई।

ग्राम चौपाल आडपथरा में खरसिया में प्रधान आरक्षक सरोजनी राठौर द्वारा नवयुवकों एवं महिलाओं को साइबर क्राइम से संबंधित अपराध एवं उससे बचाव के उपाय बताए गए। पास्को एक्ट के संबंध में जागरूक कर बताया गया कि पास्को एक्ट में त्वरित कार्रवाई किया जा रहा है।

# कंस्ट्रक्शन कम्पनी से सरिया चोरी करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

**» आरोपियों से 15 टन सरिया व चोरी में इस्तेमाल ट्रस्क्टर जब्त, छाल पुलिस की त्वरित कार्रवाही**




**रायगढ़।** थाना प्रभारी छाल उप निरीक्षक प्रवीण मिंज के नेतृत्व में छाल पुलिस द्वारा आज दिनांक 29/11/2021 को ग्राम पुसल्दा, चीतापाली में कंस्ट्रक्शन कम्पनी से चोरी हुये 15 टन सरिया चोरी मामले के आरोपियों को मय माल एवं चोरी के सामान को ले जाने में प्रयुक्त ट्रेक्टर की जप्ती आरोपियों से की गई है। आरोपियों को चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

थाना छाल अन्तर्गत ग्राम पुसल्दा चीतापाली में रेल्वे यार्ड का काम जारी है। बालाजी इंजिकान लिमिटेड कंपनी द्वारा काम कराया जा रहा है। कल दिनांक 28/11/2021 को स्टोर यार्ड के स्टोर कीपर उत्तरा कुमार लहरे (उम्र 33 वर्ष) के द्वारा थाना छाल में अज्ञात आरोपियों द्वारा दिनांक 26 एवं 27 नवम्बर की रात यार्ड में रखे लोहे का सरिया 32 एमएम, 25 एमएम,10एमएम कुल करीबन 15 क्वींटल, कीमती लगभग 75000/- रूपये को चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया। थाना प्रभारी छाल उप निरीक्षक प्रवीण मिंज द्वारा मुखबिरों से अज्ञात आरोपियों के संबंध में जानकारी ली गई। मुखबिर द्वारा ग्राम पुसल्दा के बोटराम राठिया व उसके साथियों पर चोरी की आशंका व्यक्त किया। थाना प्रभारी द्वारा स्टाफ के साथ ग्राम पुस्लदा जाकर संदेहियों को हिरासत में लिया गया। संदेहियों द्वारा ग्राम चीतापाली रेल्वे यार्ड के पास से लोहे का सरिया करीब 15 टन का चोरी कर ट्रेक्टर में लेकर आना और छिपाकर रखना स्वीकार किए हैं , जिसे आरोपियों की निशानदेही पर जप्त किया गया है। आरोपी 1- बोट राम राठिया पिता स्वर्गीय ज्ञान सिंह राठिया 28 साल, 2-राम कुमार राठिया पिता मुनू राम राठिया उम्र 31 वर्ष, 3- बसंत कुमार राठिया पिता रसायन राठिया उम्र 31 वर्ष, 4-भवानी लाल राठिया पिता चैतराम राठिया 30 वर्ष सभी निवासी ग्राम पुसल्दा थाना छाल से 15 क्विंटल छड कीमती 75,000 तथा चोरी में प्रयुक्त ट्रैक्टर सीजी 13 जेड 8393 मय ट्राली सीजी 13 जेड 8394 को आरोपियों से जप्त कर आरोपियों को चोरी के अपराध में जेएमएफसी धर्मजयगढ़ के न्यायालय रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी की पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी छाल उपनिरीक्षक प्रवीण मिंज के साथ थाने के प्रधान आरक्षक दादू सिंह सिदार, आरक्षक अशोक चौहान, हरेंद्र पाल जगत, गोविंद बनर्जी, अमित लकडा, पालेंद्र केंवट की अहम भूमिका रही है।

## वातावरण को स्वच्छ बनाने डाकघर चला रहा स्वच्छता पखवाड़ा



**रायगढ़।** अधीक्षक डाकघर रायगढ़ द्वारा 16 से 30 नवम्बर 2021 तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन स्वच्छता संबंधी कार्यक्रम किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज पोस्टल कालोनी रायगढ़ में संभागीय कार्यालय रायगढ़ के अधिकारियों एवं कर्मचारियों अश्वनी कुमार अनंत, शोभित श्रीवास्तव, प्रवीण बंसल, डोरी लाल पटेल, जगदीश प्रसाद श्रीवास, लिंगराज चौधरी, दुधनाथ जांगड़े, दामोदर साहू, श्रीमती रीनू पटेल, श्रीमती प्रभा देवांगन, कु.इंद्रजिनी कुजूर, गजानन सिदार एवं रूपेश कुमार गुप्ता द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

# कस्टमर केयर पर कॉल कर 9.5 लाख ठगी का शिकार, धोखाधड़ी का अपराध दर्ज



**रायगढ़।** दिनांक 28/11/2021 को धरमजयगढ़ में रहने वाले मदनलाल गोयल द्वारा थाना धरमजयगढ़ में अज्ञात कॉलर द्वारा कॉल कर बैंक खोते से 9.50 लाख रूपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी करने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है।

रिपोर्टकर्ता बताया कि धरमजयगढ़ में गोयल रेडीमेड के नाम से फर्म है, इस फर्म के लिए धर्मजयगढ़ एसबीआई शाखा से करंट अकाउंट खोला गया है। दिनांक 25/11/2021 को इनका छोटा पुत्र अनुज गोयल बैंक जाकर यूनो एप का यूजरनेम और पासवर्ड बैंक के कर्मचारी से प्राप्त करके दुकान आया और यूनो एप में दूसरे व्यापारी के खाते में रूपये डालने का प्रयास किया। तब उस व्यापारी का अकाउंट नंबर ऐड नहीं हुआ जिस पर अनुज गोयल गूगल पर कस्टमर केयर का नम्बर सर्च कर कॉल किया। कुछ देर बाद अननोन नंबर से इनके मोबाइल पर कॉल आया उसने कहा कि कस्टमर केयर पर कॉल किये थे क्या जानकारी चाहिये, तब इन्होंने यूनो पर अकाउंट नंबर ऐड करने के संबंध में पूछताछ किये। अज्ञात कॉलर द्वारा बैंक से जुड़े रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर मांगा और एप डाउनलोड करने बोला और ओटीपी पूछा। इसी दौरान मदन गोयल के खाते से 4,50,000 रुपए उसके बाद 5,00,000 रुपए बैंक खाते से आहरण होने का मैसेज आया, मदन गोयल तत्काल थाने और बैंक में सूचना देकर खाता को होल्ड कराया गया है। उन्होंने बताया कि इनके द्वारा किसी प्रकार के रकम का आहरण नहीं किया गया है ,किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा 9,50,000 रुपए की ऑनलाइन ठगी की गई है। थाना धर्मजयगढ़ में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 420 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# रेलवे यार्ड के काम में व्यवधान उत्पन्न करने वाले 11 व्यक्तियों पर छाल पुलिस की कार्रवाई

**» लगातार दूसरे दिन खरसिया पुलिस 06 वारंटियों को की न्यायालय पेश**



**रायगढ़।** आज दिनांक 29/11/2021 को ग्राम चितापाली रेलवे यार्ड में चल रहे काम को ग्राम पुसल्दा के कुछ लोगों द्वारा रोककर कंस्ट्रक्शन कम्पनी से सरिया को जबरदस्ती उठा ले जाने की सूचना थाना प्रभारी छाल को मिली। थाना प्रभारी छाल उप निरीक्षक प्रवीण मिंज दल बले के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस के सामने ही गांव के कुछ लोग यार्ड के स्टोर कीपर से गाली गलौज कर मारपीट पर उतारू हो गए जिन्हें थाना प्रभारी एवं थाना छाल के मौजूद स्टाफ द्वारा हिरासत में लिया गया। थाना प्रभारी छाल द्वारा क्षेत्र में शांति भंग होने एवं अपराध को बढ़ने से रोकने धारा 11 व्यक्तियों पर धारा 151, 107, 116(3) सीआरपीसी के तहत अनावेदक 1- शंकर राठिया पिता स्वर्गीय श्यामलाल राठिया उम्र 20 साल 2-अमर सिंह राठिया पिता दिल बंधु राठिया उम्र 35 साल 3- लक्ष्मी प्रसाद राठिया पिता समय लाल राठिया 21 साल 4- भोलाराम राठिया पिता घनश्याम राठिया 22 साल 5-मंगे लाल राठिया पिता फिरण सिंह राठिया उम्र 21 वर्ष 6- विश्राम राठिया पिता स्वर्गीय लीलाधर राठिया 32 वर्ष 7- रतिराम राठिया पिता स्वर्गीय बुधराम राठिया 40 वर्ष 8-छतर सिंह राठिया पिता अनुबंध राठिया 38 वर्ष 9- रनसाय राठिया पिता स्वर्गीय पृथ्वी राम राठिया 50 वर्ष 10- उत्तरा राठिया पिता जीवन सिंह राठिया उम्र 19 वर्ष एवं 11-नरेश राठिया पिता अमिलाल राठिया 32 वर्ष सभी निवासी पुसल्दा थाना छाल पर कार्यवाही कर एसडीएम न्यायालय धरमजयगढ़ में इस्तगासा पेश किया गया है।

वहीं कल की भांति आज भी थाना खरसिया पुलिस द्वारा 06 गिरफ्तार वारंटियों को न्यायालय पेश किया गया है जिसमें वारंटी 1- पालेश्वर राठिया पिता महेत्तर राठिया उम्र 26 वर्ष निवासी देहजरी 2- कन्हैया सिदार पिता दुलाराम सिदार उम्र 37 वर्ष निवासी फूलबंधिया 3- कृष्ण चंद यादव पिता पुनीराम यादव उम्र 25 वर्ष निवासी जुनवानी 4- ईश्वरी साहू पिता नेहरू लाल साहू निवासी बसनाजोर 5- केशव सिंह राठिया पिता घासीराम राठिया उम्र 45 वर्ष निवासी गुरदा 6- जगन्नाथ पिता मोहित राम केवट 23 साल बगबुडवा को न्यायालय पेश किया गया है। वारंटी को आबकरी, बलवा एवं चोर के मामले में माननीय न्यायालय द्वारा वारंट जारी किया गया था।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480